SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs 09/10/2019

Q1. स्वीडन के स्टॉकहोम में वर्ष 2019 का कौन सा नोबेल पुरस्कार विलियम जी. केलिन जूनियर, ग्रेग एल सेमेन्जा और सर पीटर जे. रैटक्लिफ को देने की घोषणा की गयी है?

क. रसायन शास्त्र का नोबेल पुरस्कार

ख. चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार

ग. साहित्य का नोबेल पुरस्कार

घ. शांति का नोबेल पुरस्कार

SarkariExam.Com

चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार – स्वीडन के स्टॉकहोम में वर्ष 2019 चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार अमेरिका के विलियम जी. केलिन जूनियर और ग्रेग एल सेमेन्जा और ब्रिटन के सर पीटर जे. रैटक्लिफ को देने की घोषणा की गयी है.

Q2. निम्न मे से कौन सा एप्प गूगल प्ले स्टोर पर 500 करोड़ इंस्टॉल का आंकड़ा पार करने वाला पहला नॉन गूगल एप्प बन गया है?

क. ट्विटर

ख. व्हात्सप्प

ग. फेसबुक

घ. हाइक

गूगल प्ले स्टोर पर सोशल मीडिया एप्प फेसबुक 500 करोड़ इंस्टॉल का आंकड़ा पार करने वाला पहला नॉन गूगल एप्प बन गया है. अब तक सिर्फ प्री-इंस्टॉल गूगल ऐप जैसे गूगल प्ले, गूगल ड्राइव ही 5 बिलियन इंस्टॉल की लिस्ट में शामिल थीं.

Q3. केंद्र सरकार ने गंगा नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए दिल्ली, उत्तर प्रदेश सहित कितने राज्यों में 15 सूत्रीय दिशा-निर्देश जारी किये हैं?

क. 5 राज्यों

ख. 9 राज्यों

ग. 11 राज्यों

घ. 15 राज्यों

SarkariExam.com

सरकार ने गंगा नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए दिल्ली, उत्तर प्रदेश सहित 11 राज्यों में 15 सूत्रीय दिशा-निर्देश जारी किये हैं और अब तक गंगा नदी और उसकी सहायक नदी में प्रतिमाओं का विसर्जन नहीं किया जा सकेगा. उल्लंघन करने पर पर्यावरण हर्जाने के तौर पर पचास हजार रुपये देने होंगे.

Q4. भारत के किस राज्य में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने वर्ष 2021 तक बड़ी रेल लाइन बिछाने की घोषणा की है?

क. केरल

ख. गुजरात

ग. मिजोरम

घ. पंजाब

भारत के मिजोरम राज्य में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने वर्ष 2021 तक बड़ी रेल लाइन बिछाने की घोषणा की है. साथ ही अमित शाह ने पूर्वोत्तर हथकरघा और हस्तकला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया है.

Q5. भारतीय सेना ने हाल ही में किस राज्य में अपना सबसे बड़ा पहाड़ी युद्धाभ्यास 'हिम विजय' आयोजित किया है?

क. केरल

ख. गुजरात

ग. पंजाब

घ. अरुणाचल प्रदेश

SarkariExam.Com

भारतीय सेना ने हाल ही में अरुणाचल प्रदेश में अपना सबसे बड़ा पहाड़ी युद्धाभ्यास 'हिम विजय' आयोजित किया है. इस युद्धाभ्यास को कठिन इलाके में सैनिकों की गतिशीलता और संचार का परीक्षण करने के लिए किया गया है. हालाँकि इस युद्धाभ्यास का चीन विरोध किया है.

Q6. बांग्लादेश में एक तटीय निगरानी रडार प्रणाली स्थापित करने के लिए बांग्लादेश और किस देश के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं?

क. जापान

ख. श्री लंका

ग. भारत

घ. ऑस्ट्रेलिया

बांग्लादेश में एक तटीय निगरानी रडार प्रणाली स्थापित करने के लिए बांग्लादेश और भारत के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं. इस समझोते के साथ अब दोनों देश मिलकर आतंकवाद, उग्रवाद तथा संगठित अपराध का मुकाबला करेंगे.

Q7. हाल ही में जारी एटीपी रैंकिंग में भारत के किस टेनिस खिलाडी ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ 129वां स्थान हासिल किया है?

क. संजय वर्मा

ख. सुमित शर्मा

ग. सुमित नागल

घ. विजय हंगल

SarkariExam.Com

भारत की टेनिस खिलाडी सुमित नागल ने हाल ही में जारी एटीपी रैंकिंग में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ 129वां स्थान हासिल किया है. उन्होंने 6 स्थान का फायदा हुआ है. साथी टॉप-100 रैंकिंग में भारत के एकमात्र खिलाडी प्रजनेश गुणेश्वरन को 2 स्थान की बढ़ोतरी के साथ 82वा स्थान मिला है.

Q8. वर्ल्ड के नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने किस खिलाडी को हराकर जापान ओपन चैम्पियन जीत ली है?

क. रोजर फेडरर

ख. जॉन मिलमैन

ग. राफेल नडाल

घ. जेम्स केल्विन

वर्ल्ड के नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया के क्वालिफायर जॉन मिलमैन को 6-3, 6-2 से हराकर जापान ओपन चैम्पियन जीत ली है. उन्होंने 10वीं बार किसी टूर्नामेंट में डेब्यू करते हुए टाइटल जीता है उन उनके कैरिएर का 76वां और सीजन का चौथा खिताब है.

Q9. निम्न में से किस कार निर्माता कंपनी की सेल्टोस एसयुवी ने बिक्री में मामले में ह्यूंदै क्रेटा को पीछे छोड़ दिया है?

क. हुंडई मोटर्स

ख. महिंद्रा मोटर्स

ग. हौंडा मोटर्स

SarkariExam.Com

घ. किआ मोटर्स

किआ मोटर्स की सेल्टोस एसयुवी ने अगस्त में भारतीय बाजार में 30 हजार से ज्यादा बुकिंग के साथ बिक्री में मामले में हयूंदै क्रेटा को पीछे छोड़ दिया है. सितम्बर महीने में किआ मोटर्स ने 7,754 यूनिट सेल्टॉस बेची हैं. जबकि हयूंदै ने सितंबर में 6,641 क्रेटा बेची हैं.

Q10. पाकिस्तान क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर शोएब मलिक टी-20 क्रिकेट में कितने हजार रन बनाने वाले एशिया के एक मात्र बल्लेबाज बन गए हैं?

क. 5 हजार

ख. 7 हजार

ग. 9 हजार

घ. 12 हजार

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर शोएब मलिक टी-20 क्रिकेट में 9 हजार रन बनाने वाले एशिया के एक मात्र बल्लेबाज बन गए हैं. और वे दुनिया के चौथे बल्लेबाज बन गए हैं. जबकि विराट कोहली के नाम 271 टी20 मुकाबलों में 8556 रन हैं.

SarkariExam.Com

Q11. भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हाल ही में किस देश की यात्रा पर मेरिनेक एयरबेस पहुचे है?

क. जापान

ख. फ्रांस

ग. रूस

घ. ऑस्ट्रेलिया

भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हाल ही में फ्रांस की यात्रा पर मेरिनेक एयरबेस पहुचे है. साथ ही उनकी यात्रा के दौरान फ्रांस ने भारत को पहला राफेल लड़ाकू विमान दिया है. इस पहले राफेल लड़ाकू विमान का नाम वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया के नाम पर "आरबी 001" रखा जाएगा.

Q12. स्विट्जरलैंड के मिशेल मेयर, दिदिएर क्वेलोज और जेम्स पीबल्स को वर्ष 2019 का कौन सा नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा की गयी है?

क. चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार

ख. शांति का नोबेल पुरस्कार

ग. भौतिकी का नोबेल पुरस्कार

घ. साहित्य का नोबेल पुरस्कार

स्विट्जरलैंड के मिशेल मेयर, दिदिएर क्वेलोज और अमेरिकी भौतिकविद जेम्स पीबल्स को वर्ष 2019 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा की गयी है. स्विट्जरलैंड के मिशेल मेयर, दिदिएर क्वेलोज ने सौर मंडल के बाहर एक ग्रह "एक्जोप्लैनेट" की खोज की.

SarkariExam.Com

Q13. अमेरिका ने हाल ही में चीन में उइगर मुसलमानों पर अत्याचार में कथित रूप से शामिल कितने संस्थानों को ब्लैकलिस्ट किया है?

क. 12 संस्थानों

ख. 18 संस्थानों

ग. 28 संस्थानों

घ. 39 संस्थानों

अमेरिका ने हाल ही में चीन में उइगर मुसलमानों पर अत्याचार में कथित रूप से शामिल 28 संस्थानों को ब्लैकलिस्ट किया है. ये सभी संस्थाओं पर अल्पसंख्यक उइगर मुसलमानों के साथ क्रूरता और अमानवीयता करने का आरोप है.

Q14. हाल ही में किस मैगज़ीन कंपनी के द्वारा जारी अंडर 40 ग्लोबल लिस्ट में भारत के अर्जुन बंसल और अंकिति बोस को स्थान मिला है?

क. फोर्ब्स

ख. मुद्दिज

ग. फॉर्च्यून

घ. वर्ल्ड बैंक

मैगज़ीन कंपनी फॉर्च्यून के द्वारा जारी अंडर 40 ग्लोबल लिस्ट में भारत के अर्जुन बंसल और अंकिति बोस को 35वा और 27वा स्थान मिला है. भारत के अर्जुन इंटेल के आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस सॉफ्टवेयर एंड एआई लैब के वाइस प्रेसिडेंट हैं और अंकिति बोस फैशन प्लेटफॉर्म जिलिंगो की सीईओ और को-फाउंडर हैं.

SarkariExam.Com

Q15. निम्न में से किस देश की सरकार ने मॉस्क पहनकर प्रदर्शन करने वाले प्रदर्शकारियों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है?

क. जापान सरकार

ख. ऑस्ट्रेलिया सरकार

ग. होन्ग-कोंग सरकार

घ. अफ़्रीकी सरकार

होन्ग-कोंग सरकार ने हाल ही में मॉस्क पहनकर प्रदर्शन करने वाले प्रदर्शकारियों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है. 1 अक्टूबर चीन के राष्ट्रीय दिवस के दौरान देश में काफी हिंसक आंदोलन हुआ था जिसके बाद सरकार ने यह निर्णय लिया.

Q16. इनमे से किस देश ने आतंकी संगठनों से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र और वित्तीय कार्रवाई कार्यबल से सहयोग की मांग की है?

क. जापान

ख. ऑस्ट्रेलिया

ग. भारत

घ. श्रीलंका

भारत ने हाल ही में आतंकी संगठनों से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र और वित्तीय कार्रवाई कार्यबल से सहयोग की मांग की है. वर्ष 1989 में फ्रांस में वित्तीय कार्रवाई कार्यबल का गठन किया गया था जिसका मुख्य कार्य आतंकी फंडिंग पर कड़ी नजर रखना है.

SarkariExam.Com

Q17. अमित शाह ने किस वर्ष तक आइजोल को ब्रॉडगेज रेलवे लाइन से जोड़ने की घोषणा की है?

क. 2020

ख. 2021

ग. 2023

घ. 2025

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में वर्ष 2021 तक आइजोल को ब्रॉडगेज रेलवे लाइन से जोड़ने की घोषणा की है और अमित शाह ने कहा है की प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत मिजोरम में करीब 23000 लोगों को एलपीजी कनेक्शन दिये गए है.

Q18. स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप की सुरक्षा पाने वाले लोगों के लिए किसने नए दिशा-निर्देश जारी किये है?

क. सुप्रीमकोर्ट

ख. दिल्ली हाईकोर्ट

ग. केंद्र सरकार

घ. निति आयोग

केंद्र सरकार ने हाल ही में स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) की सुरक्षा पाने वाले लोगों के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किये है. केंद्र सरकार ने कहा है कि एसपीजी सुरक्षा पाए लोग जब भी विदेश यात्रा पर जायेगें.

SarkariExam.com

Q19. हाल ही में जारी एटीपी टेनिस रैंकिंग में कौन सा खिलाडी 200 पायदान की छलांग लगाकर 289वें स्थान पर पहुंच गया है?

क. नोवाक जोकोविच

ख. एंडी मरे

ग. राफेल नडाल

घ. सुमित नागल

हाल ही में जारी एटीपी टेनिस रैंकिंग में पूर्व नंबर एक खिलाड़ी एंडी मरे 200 पायदान की छलांग लगाकर 503वें से 289वें स्थान पर पहुंच गए है. वे हाल ही में कूल्हे की सर्जरी के बाद वापसी कर चीन ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे थे.

Q20. पकिस्तान क्रिकेट टीम का कौन सा बल्लेबाज टी-20 क्रिकेट में 10 बार शून्य पर आउट होने वाले पहला बल्लेबाज बन गए हैं?

क. बाबर आज़म

ख. सरफराज अहमद

ग. फख्तर जामन

घ. उमर अकमल

पकिस्तान क्रिकेट टीम के बल्लेबाज उमर अकमल टी-20 क्रिकेट में 10 बार शून्य पर आउट होने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं. वे श्री लंका के खिलाफ तीन टी-20 मैचों की सीरीज में 0 पर आउट हुए है. उनके पहले पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी 8 बार शून्य पर आउट हुए है.

SarkariExam.Com